# Government Girls' P.G. College, Ghazipur

## College in News

**09.01.2023**

# धन का बेहतर प्रबंधनमें सहायता प्रदान करता वित्तीय साक्षरता

गाजीपुर। राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय में अर्थशास्त्र विभाग व अंग्रेजी विभाग के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित फाइनेसिल्स साल्युशंस एण्ड टेक्निशंस प्लान पर कार्यशाला आयोजित की गयी। कार्यशाला में भारतीय अक्सालाइफ इंश्योरेंस कंपनी लि. वाराणसी के उप प्रबंधक विनोद मिश्र ने टैक्स सेविंग प्लान्स, रिटायर मेंट्स प्लान, एजूकेशन प्लांस पर जानकारी साझा किया। महाविद्यालय की प्राचार्या प्रो. सरिता भारद्वाज ने कहा कि वित्तीय साक्षरता वर्तमान समय की मांग है, महाविद्यालय में समय-समय पर इस प्रकार की कार्यशालाओं का आयोजन वित्तीय साक्षरता के उद्देश्य से किया जाता है। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम का उद्देश्य दो अत्यावश्यक अवययो साक्षरता एवं सुलभ उपलब्धता के माध्यम से वित्तीय समावेशन को सुविधा जनक बनाना है, साथ ही प्राध्यापको तथा अन्य कर्मचारियों को वित्तीय जानकारी प्राप्त करना है जिससे वे बचत की आदत डालने तथा वित्तीय सेवाओं का कारगर ढंग से उपयोग कर सकें। उन्होंने बताया कि वित्तीय साक्षरता अपने जीवन चक्र की जरूरतों के लिए समय से पहले नियोजन करने, ऋण का सहारा लिये बिना अनपेक्षित आकस्मिकताओं को निपटने में अपने धन का बेहतर प्रबंधन करने में सहायता प्रदान करती है। कार्यशाला में अर्थशास्त्र विभाग के डा. पीयूष सिंह, अंग्रेजी विभाग के अभिषेक कुमार, डा. रामनाथ केशरवानी, डा. हरेन्द्र यादव, डा. विकास सिंह, डा. एकलाख खान, डा. सुमन सहित प्राध्यापक, कर्मचारी उपस्थित रहे।

हिन्दुस

# वित्तीय समाधान के बारे में दी गई जानकारी

गाजीपुर, संवाददाता। राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय में शुक्रवार को एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। इसमें फाइनेंशियल सॉल्यूशंस एंड टैक्सेशन प्लान पर जानकारी दी गयी। कार्यशाला का आयोजन प्राचार्य डा. सविता भारद्वाज के मार्गदर्शन में किया गया।

प्राचार्य ने कहा कि वित्तीय साक्षरता वर्तमान समय की मांग है। महाविद्यालय में समय-समय पर इस प्रकार की कार्यशालाओं का आयोजन वित्तीय साक्षरता के उद्देश्य से किया जाता है। इस दौरान विभिन्न वित्तीय उत्पादों पर भी चर्चा की गई। वित्तीय साक्षरता कार्यक्रम का उद्देश्य दो अत्यावश्यक अवयवों, साक्षरता एवं सुलभ उपलब्धता के माध्यम से वित्तीय समावेशन को सुविधाजनक बनाना है। इस दौरान अर्थशास्त्र विभाग के डा. पीयूष सिंह, डा. अभिषेक कुमार, डा. रामनाथ केसरवानी, डा. हरेंद्र यादव, डा. विकास सिंह, एकलाख खां , डा. सुमन रहीं।

[redacted]

Rajkiya Mahila Snatako ... avidyalaya, Ghazipur